### आरोपी की तलाश में पुलिस हर संभावित जगहों पर दे रही दबिश

# नागौद के सड़वा गांव में युवक की हत्या

**सतना हरिभूमि न्यूज ।** सिंहपुर रोड स्थित निया मैरिज गार्डन के पीछे खाली प्लॉट में एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान सुरदहा निवासी गोपाल श्रीवास्तव 32 वर्ष के रूप में हुई। मृतक नागौद के हरदुटोला में किराए पर रहता था और सड़वा रेलवे स्टेशन में ठेके पर सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। घटना शुक्रवार सुबह 8 बजे की है। आरोपी की पहचान सुरदहा गांव निवासी अशोक पयासी के रूप में हुई है। गोपाल अपने एक दोस्त के साथ मोटर साइकिल से सड़वा स्टेशन जा रहा था। घटना स्थल के पास अशोक पहले से ही फरसा लेकर उसका इंतजार कर रहा था। जैसे ही दोनों वहां पहुंचे,आरोपी ने अचानक हमला कर दिया।

## मदद के लिए लौटा दोस्त,तब तक हो चुकी थी मौत

हमले के बाद दोनों अलग-अलग दिशाओं में भागे। गोपाल का दोस्त स्टेशन की तरफ भाग निकला, जबकि गोपाल दूसरी तरफ भागते हुए एक गड्ढे में गिर गया। इसी दौरान आरोपी ने उस पर फरसे से कई वार किए और फरार हो गया। जब गोपाल का दोस्त मदद लेकर वापस पहुंचा,तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव पर धारदार हथियार से किए गए कई वार के निशान मिले हैं।





पुलिस को घटनास्थल से खून से सना फरसा भी मिला है।

## एक ही गांव के थे आरोपी और मृतक

जांच में सामने आया है कि आरोपी अशोक और मृतक दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार एक साल पहले गोपाल,अशोक की पत्नी को लेकर भाग गया था। इसके बाद से दोनों नागौद में किराए से रह रहे थे। आरोपी और महिला के 3 बच्चे भी हैं।

## पत्नी को लेकर भागने से नाराज था अशोक

इस मामले की शिकायत आरोपी अशोक पयासी ने जसो थाना पुलिस से भी की थी। लेकिन पुलिस ने कुछ एक्शन नहीं लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पत्नी के घर छोड़ने के बाद से आरोपी पूरे गांव में गोपाल की हत्या करूंगा कहता रहता था। उधर,सुरदहा के ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी अशोक पयासी पत्नी के भागने के बाद से मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। दाढ़ी बढ़ा कर बाबा की तरह फरसा साथ में ले कर ही चलता था।

## खून से सना हथियार बरामद

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से खून से सना फरसा बरामद किया। शव पर धारदार हथियार से किए गए कई वार के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।आरोपी की तलाश में पुलिस की 2 टीमें जुटी हुई है। एक टीम नागौद टीआई अशोक पांडेय के नेतृत्व में दूसरी टीम जसो थाने की हर संभव ठिकानों पर दबिश दे रही है। प्रशिक्षु आईपीएस मनीष भारद्वाज दोनों टीमों के संपर्क में है। फिलहाल आरोपी फरार है।

### खबर संक्षेप

## बेला में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**सतना हरिभूमि न्यूज ।** रामपुर बाघेलान के बेला में लोकमान्य तिलक हायर सेकेंडरी स्कूल के पास संचालित मां दुर्गा इलेक्ट्रिकल्स दुकान में एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना मिलते ही बेला चौकी प्रभारी सहित पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और फंदे से लटके शव को नीचे उतारा। पुलिस ने मृतक की पहचान शिवम शुक्ला 28 वर्ष,पिता कैलाश प्रसाद शुक्ला,निवासी ग्राम बड़हरी, थाना रामपुर बाघेलान के रूप में की। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेस की जातिगत जनगणना की मांग को सरकार ने मान के जनता के हित में बहुत बड़ा फैसला लिया :अजय सोनी



**सतना हरिभूमि न्यूज ।** सतना शहर कांग्रेस जिला महामंत्री अजय कुमार सोनी,ने कहा कि कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष की जातिगत जनगणना की लगातार मांग को केंद्र सरकार को मानना पड़ा है। श्री सोनी ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार जातिगत जनगणना करने के लिए सरकार को विपक्ष की मजबूत मांग के सामने जनता के हित में निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने कहा की नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सरकार से जातिगत जनगणना करने की मांग की थी। उन्होंने राहुल गांधी के इस विचार का भी समर्थन किया कि सरकार को जातिगत जनगणना के लिए टाइमलाइन भी जारी करनी चाहिए कि यह कब तक पूरी होगी इस पर भी निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा की यह देश हित में बहुत बड़ा निर्णय है।

## शहीद पद्मधर सिंह पर लिखी पुस्तक कलेक्टर को की भेंट



**सतना हरिभूमि न्यूज ।** ब्रिगेडियर भूपेन्द्र सिंह और देवेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस से कलेक्ट्रेट में सौजन्य मुलाकात की। ब्रिगेडियर द्वय ने कलेक्टर ने को कृपालपुर के जागीरदार परिवार में जन्मे अमर शहीद लाल पद्मधर सिंह के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान और उनकी जीवन शैली तथा शहादत के बारे में जानकारी दी। ब्रिगेडियर भूपेन्द्र सिंह ने अमर शहीद लाल पद्मधर सिंह पर लिखी गई पुस्तक भी कलेक्टर को भेंट की। यह पुस्तक शिक्षा विभाग में कार्यरत अध्यापक रमेश प्रताप सिंह जाखी द्वारा गद्य और पद्य दोनों ही विधाओं में लिखी गई है।

## सकरिया में दूर हुई पानी की समस्या

**सतना हरिभूमि न्यूज ।** विकासखण्ड सोहावल अंतर्गत ग्राम सकरिया में जल समस्या की शिकायत मिलने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम को भेजा गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि सकरिया ग्राम की नल जल योजना के दोनों स्त्रोतों की मोटर जल गई थी। कार्यपालन यंत्री डीएन कनेल ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तकनीकी स्वीकृति देकर ग्राम पंचायत द्वारा योजना को चालू कराया गया एवं नल कनेक्शनों मे टोटी लगवाई गई। जिससे पेयजल का अपब्यय होना बंद हुआ और जल संकट से निदान मिला।

# सतना रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने के कार्यों का अफसरों ने किया निरीक्षण

**सतना हरिभूमि न्यूज ।** पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गति शक्ति प्रभात कुमार के नेतृत्व में सीपीएम जबलपुर जोन संजय कुमार सिंह,डिप्टी सीपीएम श्री शर्मा,एडीडीईएन मनोज पयासी, डीईएन राजेश पटेल पिछली रात सतना पहुंचे।पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम सतना स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाये जाने के लिये किये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति देखने पहुंची है। अधिकारियों ने स्टेशन परिसर में भ्रमण कर विभिन्न स्थलों का निरीक्षक किया। स्टैण्डर्ड ब्लू प्रिन्ट के मुताबिक पुराने भवनों को ध्वस्त कर उसके स्थान पर नये भवनों का निर्माण कराने तथा परियोजना के नशे के अनुसार भवनों को बनवाने की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।यहां उल्लेखनीय है कि इंजीनियरिंग ब्रांच के अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित निर्माण कार्यों में से प्रारंभ किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। अधिकारियों ने देखा कि किस स्थान पर कौन सा निर्माण कार्य उपयुक्त होगा। ज्ञातव्य है कि रेल विभाग द्वारा सतना स्टेशन को रानी कमलापति स्टेशन की तर्ज पर विकसित किये जाने के लिये कार्ययोजना तैयार की गयी है। जिसका उद्देश्य सतना रेलवे स्टेशन को सर्व सुविधाओं संपन्न एवं यात्रियों की अपेक्षाओं के अनुकूल तैयार करना है।पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ स्टेशन मैनेजर



ए मतीन एवं अन्य स्थानीय रेल अधिकारी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। बताया गया है कि सतना जंक्शन के काया कल्प के लिये प्रस्तावित योजना में मालगोदाम को अन्यत्र स्थानांतरित किये जाने,वाहन पार्किंग की नई व्यवस्था,खान-पान के विशिष्ट स्टॉलों के लिये स्थान मुकर्रर करने तथा प्रतीक्षालय,विश्राम गृह,आरक्षण गृह आदि की व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों द्वारा स्थानीय रेलवे अधिकारियों से चर्चा करके आवश्यक निर्णय लिये गये। सूत्रों के अनुसार मंडल से पहुंचे अधिकारियों की टीम ने बिरहुली गांव में बन रहे रेलवे ब्रिज,मुख्तयारगंज में निर्माणाधीन ब्रिज एवं अन्य निर्माण कार्यों के संबंध में चर्चा की,इसके अलावा ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन,सतना-रीवा,सतना-नागौद,पन्ना आदि रेल लाइनों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के साथ निर्माण कार्यों को गति देने के संबंध में परियोजना के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।



# कांग्रेस का चुनाव अभियान का पोस्टर लॉन्च,अभियान शुरु

**सतना हरिभूमि न्यूज ।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस चुनाव को लेकर संभाग प्रभारी रविराज सिंह सतना पहुंचे। यहां उन्होने युवा कांग्रेस के सदस्यों के साथ चुनाव अभियान का पोस्टर लॉन्च कर चुनाव अभियान की शुरुआत कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मशहूद अहमद शेरू ने की। जोन प्रभारी रवि राज सिंह ने बताया की चुनाव में एक सदस्य 50 रु फीस जमा कर 6 वोट डालेगा,जो प्रदेश अध्यक्ष,प्रदेश महा सचिव,जिला अध्यक्ष,जिला महासचिव,विधानसभा अध्यक्ष व विधानसभा के मंडल अध्यक्ष को सीधे वोट करेगा।

## 26 तारीख से लेकर 6 मई तक नामांकन की डेट जारी की गई

चुनाव की सभी प्रकार की जानकारी आईवाईसी विथ एप के माध्यम से मिलेगी और इसी एप के जरिए वोट भी डाले जायेंगे। सतना जिला अध्यक्ष पद एससीएसटी के लिए आरक्षित किया गया है। साथ ही राहुल गांधी की सोच के अनुरूप देश भर में महिला ओबीसी एसटीएससी माइनॉरिटी को राजनीति में भागीदारी के लिए आगे आने के लिए सभी जगह पदों का आरक्षण भी किया गया है। ज्यादा से ज्यादा लोग युवा कांग्रेस सदस्य बने और लोकतांत्रिक तरीके से अपने नेता का चुनाव करेंगे जो भविष्य में कांग्रेस के लिए एक नई ऊर्जा का संचार कर नींव के पत्थर की तरह पार्टी को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेगी। बैठक के प्रमुख रूप से वरिष्ठ युवा नेता विकी विक्रांत त्रिपाठी,पार्षद पंकज कुशवाहा, अरुण पांडे स्वतंत्र मिश्रा,शिवम सिंह अध्यक्ष रैगांव,अंकित गुप्ता अध्यक्ष सतना, जिला पंचायत सदस्य वरुण गूजर,सोनू रैकवार,सौरभ शर्मा लल्ला,बीपू सिंह,शैलेश तिवारी,सचिन गर्ग,बेटा बागरी,राहुल सोनी,आनंद पाण्डेय,रोशन सिंह सहित काफी तादाद में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# उधना-समस्तीपुर-उधना साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन सतना भी रुकेगी

**सतना हरिभूमि न्यूज ।** रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना-समस्तीपुर-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 05-05 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी,जबलपुर,कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 09069 उधना-समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 03 मई से 31 मई तक प्रत्येक शनिवार को उधना स्टेशन से रात 20:35 बजे प्रस्थान कर,अगले दिन इटारसी सुबह 06:05 बजे, जबलपुर 09:20 बजे,कटनी 10:45 बजे, सतना 12:25 बजे पहुँचकर,अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सोमवार 02:35 बजे समस्तीपुर स्टेशन पहुंचेगी।गाड़ी संख्या 09070 समस्तीपुर-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 05 मई से 02 जून तक प्रत्येक सोमवार को समस्तीपुर स्टेशन से प्रातः 05:00 बजे प्रस्थान कर,सतना 19:10 बजे,कटनी रात 22:00 बजे,अगले दिन जबलपुर मध्यरात्रि 00:05 बजे,इटारसी 3:35 बजे पहुँचकर,अन्य स्टेशनों से होते हुए मंगलवार दोपहर 14:00 बजे उधना स्टेशन पहुंचेगी।

## 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सतना हरिभूमि न्यूज ।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रघुराजनगर (नगरीय) सतना राहुल सिलाडिया द्वारा तहसील रघुराजनगर अंतर्गत हनुमान नगर नईबस्ती निवासी भोलेशंकर पासवान की नहर के पानी में डूबने से हुई मृत्यु पर उसकी मां देवन्तीदेवी पासवान को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि

# बैठक में पेयजल समस्या के निराकरण पर हुई चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में पिछले वित्तीकय वर्ष में कार्यालय में किये गये व्यय एवं आगामी वित्तीय वर्ष में अनुमानित व्यय पर चर्चा उपरांत अनुमोदन किया गया। जिला पंचायत अध्यआक्ष सुनीता मेहरा की अध्य0क्षता में आयोजित सामान्यय प्रशासन समिति की बैठक में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत की मौजूदगी में जिले की पेयजल समस्या्ओं पर विस्तृतत चर्चा की गई।

सामान्या प्रशासन समिति के सदस्यों द्वारा पेयजल समस्याओओं की जानकारी दिए जाने पर लोक स्वाकस्य्ा यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा पेयजल समस्याय के निराकरण हेतु हर संभव उपाय करने की जानकारी दी गई। बैठक में 15वें वित्ते आयोग की कार्य योजना वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत निटर्रा, जनपद पंचायत रीठी में शामिल कार्य सामुदायिक भवन में स्टा-म्पे शुल्की की राशि एवं अभिसरण का अनुमोदन किया गया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गेमावत ने बैठक में लिये गये निर्णय के बारे में संबंधित अधिकारियों को पालन हेतु आवश्यिक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत उपाध्ययक्ष अशोक कुमार विश्वाकर्मा, जिला पंचायत सदस्यण सर्व अजय गोटिया, कविता पंकज राय, रीना राकेश लोधी एवं माला मौसी उपस्थित रहे।

# समाधान में मुख्यमंत्री ने सुनी 13 जिले के 15 नागरिकों की समस्यायें

**सतना हरिभूमि न्यूज ।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को सायं 5 बजे से समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये प्रदेश के 13 जिलों के 15 आवेदको से उनकी समस्यायें सुनी और निराकरण के संबंध में की गई कार्यवाहियों के विषय में संबंधित जिले के कलेक्टर एवं विभागो के प्रमुख सचिव से जानकारी ली। सतना कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे,सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना,डीएफओ मयंक चांदीवाल,सहायक कलेक्टर अनिकेत शाडिल्य सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। समाधान आनलाइन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने सतना और शहडोल जिले के दो-दो आवेदकों सहित जिला पांढुर्णा,मुरैना,उमरिया,भोपाल,नीमच,भिंड,बैतूल , निवाड़ी,रायसेन,नर्मदापुरम तथा धार जिले के आवेदकों की समस्यायें रूबरू हित ग्राहियों से बातचीत कर सुनी। उन्होंने संबंधित जिले के कलेक्टर से निराकरण के संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी ली। इसमें सतना जिले के रामलाल सिंह की खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित गेहूं खरीदी के भुगतान की शिकायत के बारे में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने बताया कि हितग्राही का मध्यांचल बैंक में खाता 11 डिजिट के बजाय 10 डिजिट इन्ट्री करने पर कियोस्क में समस्या आ रही थी। जिस कारण बार-बार ट्रांजेक्शन फेल हो रहा था। हांलाकि शिकायत का निराकरण दिसम्बर 2024 में किया जा चुका था। नागरिक आपूर्ति निगम के तत्कालीन जिला प्रबंधक पर अनुशासनात्मक कार्यवाही संबंधित कम्प्यूटर आपरेटर के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार जानकी दास कुशवाहा की दूसरी शिकायत




पर कलेक्टर ने बताया कि श्रम विभाग योजनांतर्गत अप्रैल 2022 में इनके बहन का विवाह हुआ था। तत्कालीन समय में विभाग द्वारा श्रम विभाग की योजनांतर्गत एकल विवाह करने पर भी सहायता का प्रावधान था। कुछ समय बाद एकल विवाह के स्थान पर सामूहिक विवाहों में पात्रतानुसार यह राशि दी जाने लगी। तकनीक कारणों से संबंधित को सहायता राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा था।अब यह आर्थिक सहायता राशि संबंधित को उपलब्ध करा दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधान आनलाइन कार्यक्रम में सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट और निम्न प्रदर्शन करने वाले जिलों की समीक्षा भी की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य के लिए 5 अच्छे अधिकारी-कर्मचारियों को प्रोत्साहन भी दिया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने जबलपुर जिले में राजस्व अधिकारियों के डिजिटाईजेशन और रिकार्ड संधारण के लिए जबलपुर कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना और धार जिले में मंदिरों के संधारण में कुशल प्रबंधन के लिए धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति जारी कर दी गई है। इसके तहत मई माह में ही ट्रांसफर की कार्यवाही पूरी कर लें। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले इस कार्य में नवाचार करें। नरवाई में आग लगाने की घटनाओं की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नरवाई में आग लगने की रोकथाम और पर्यावरण प्रदूषण से बचाने की कार्यवाही में गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करें। इसी प्रकार मैहर जिले के एनआईसी कक्ष में समाधान आनलाइन कार्यक्रम में कलेक्टर रानी बाटड,पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल,सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी एवं अधिकारी गण शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### पन्ना में होगा अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन



पन्ना। साहित्य संस्कृति और संवेदना की पवित्र भूमि हीरों और मंदिरों की ऐतिहासिक नगरी पन्ना एक अनूठे साहित्यिक इतिहास की साक्षी बनने जा रही है। पहली बार पन्ना में एक भव्य अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मंच संचालक के रूप में डॉ सुरेश सौरभ इस अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन की बागडोर संभालेंगे। यह कवि सम्मेलन हिंदी कविता को वैश्विक स्तर पर एक नया आयाम देगा। यह आयोजन न केवल पन्ना के साहित्यिक परिदृश्य को वैश्विक मंच से जोड़ने वाला होगा बल्कि हिंदी साहित्य प्रेमियों के लिए एक प्रेरणास्पद अनुभव भी सिद्ध होगा। यह गौरवशाली आयोजन न्यू मीडिया सृजन संसार ग्लोबल फाउंडेशन और अदम्य ग्लोबल फाउंडेशन की संस्थापक निदेशक डॉ पूनम चतुर्वेदी शुक्ला के अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व एवं जल निगम मध्य प्रदेश के ख्याति प्राप्त कवि जयदीप सिंह सरस के कुशल सह.संयोजन में 4 मई 2025 को दोपहर 12 बजे मध्य प्रदेश जल निगम कार्यालय इन्द्रपुरी कालोनी पन्ना में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन हाइब्रिड मोड में होगा जिससे देश-विदेश के प्रतिभागी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जुड़ सकेंगे।

### ट्राली चोरी करने वाले शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार



अमानगंज। दो अलग-अलग फरियादियों द्वारा दिनांक 25.04.2025 एवं दिनांक 30.04.2025 थाना अमानगंज उपस्थित आकर रिपोर्ट की गई की हम सभी लोग रात्रि मे खाना-पीना खाकर सो गये थे जब सुबह करीबन 06.00 बजे जागे तो घर के बाहर खड़ी ट्रेक्टर-ट्राली जिसमे से ट्राली नही थी केवल ट्रेक्टर खड़ा था। ट्राली को कोई अज्ञात चोर मेरे घर के बाहर से चोरी कर ले गये है। फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज मे अपराध क्रमांक 252/25 एवं 263/25 धारा 303(2) बी.एन.एस. का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया है एवं थाना प्रभारी अमानगंज निरी. माधवी अग्निहोत्री द्वारा उक्त घटनाओ की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये मामले मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. गुनौर एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अमानगंज के नेतृत्व मे पुलिस टीम गठित कर आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर गठित पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी एवं चोरी गई ट्रॉली की लगातार तलाश पतारसी की गई एवं मामले से सायबर सेल पन्ना से सहायता प्राप्त की गई। जिसके फलस्वरूप थाना प्रभारी अमानगंज को मुखबिर द्वारा ट्राली चोरी की घटना मे ग्राम बगरोही थाना शाहगढ़ निवासी एक संदिग्ध व्यक्ति के शामिल होने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा ग्राम बगरोही थाना शाहगढ़ जिला छतरपुर से एक संदिग्ध व्यक्ति दयाराम प्रजापति पिता नथुआ प्रजापति को अभिरक्षा मे लेकर घटना के सम्बंध मे कड़ाई से पूछताछ की गई। जिसपर उक्त व्यक्ति द्वारा ट्राली चोरी की घटना कारित किया जाना स्वीकार करते हुये बताया की मै और कल्लू उर्फ बलराम बाथम दोनो मिलकर किराये से किसी व्यक्ती का ट्रेक्टर लेकर रात्रि मे घर के बाहर रखी ट्रालियो को चोरी कर ले जाते थे जिनका कलर बदलकर उनको स्वयं के उपयोग करने एवं गांव मे किराये पर चलवाते थे। मामले मे पुलिस टीम द्वारा आरोपी दयाराम प्रजापति के कब्जे से चोरी गई दोनों ट्रालियां कीमती करीब 03 लाख रूपये की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय पेश किया गया। मामले मे आरोपी कल्लू उर्फ बलराम बाथम फरार है एवं गिरप्तार आरोपी को पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है जिसमे ट्राली चोरी के अन्य मामलो के खुलासा होने की संभावना है।

# ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए बनाएं कार्ययोजना- मंत्री श्री पटेल







## अधिकारों के प्रति सजग रहकर कर्तव्यों का बेहतर निर्वहन करें सरपंच

### जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यक्रम एवं पंच सरपंच सम्मेलन में शामिल हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री

### निर्माणाधीन अटल ग्राम सेवा सदन बिलखुरा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

त्रि-स्तरीय पंचायत राज व्यवस्था को प्रभावी एवं उद्देश्यपरक बनाने की दिशा में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। सभी जनहितैषी विकास कार्यों की उपयोगिता भी निरंतर बनी रहे। ग्राम पंचायतें स्वयं विकास की कार्ययोजना तैयार कर तरक्की की दिशा में आगे बढ़ें। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने यह बात पन्ना विकासखंड की ग्राम पंचायत इटवांखास के बंदरखोह में शुक्रवार को आयोजित पंच-सरपंच सम्मेलन एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदी पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में स्वयं का पंचायत भवन और वैवाहिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही पांच हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों में 2 सामुदायिक भवन की स्वीकृति भी मिलेगी। कैबिनेट मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सभी सरपंच अपने अधिकारों के साथ कर्त्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहकर जिम्मेदार बनें। पंचायत के सभी विकास कार्यों को समय पर पूर्ण कराएं। ग्राम विकास की बेहतर कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन कराएं। मंत्री ने जानकारी दी कि नवीन प्रावधान अनुसार अब तीन मंजिला पंचायत भवनों का निर्माण भी कराया जा सकेगा। सरपंचों को 25 लाख रुपए तक के वित्तीय अधिकार प्रदान किए गए हैं। भविष्य में जिला और जनपद पंचायत के भवन भी आगामी 50 वर्ष की आवश्यकताओं के मुताबिक तैयार किए जाएंगे। यहां रिकार्ड रूम का भी बेहतर तरीके से संधारण हो सकेगा। वर्ष 2026 तक आवास प्लस योजना में सर्वे के माध्यम से आवास से वंचित सभी ग्रामीण परिवारों को स्वयं के पक्के आवास की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने सभी सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों से विकास कार्यों के लिए तेजी के साथ काम करने की आदत विकसित करने की सलाह भी दी। साथ ही पंचायत को आवंटित राशि का सदुपयोग करने की नसीहत देते हुए आगामी एक अप्रैल 2026 से 16वें वित्त आयोग से मिलने वाली राशि से विकास कार्यों के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए भी कहा।

मंत्री ने संबल योजना को लाभकारी बताते हुए कहा कि इस माह के अंत तक गत वित्तीय वर्ष के समस्त प्रकरणों में राशि का भुगतान हो जाएगा। आगामी दिनों में 15 से 20 दिवस की तय समय सीमा में हितग्राहियों को संबल योजना का लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर सरपंचों के अधिकार हनन नहीं होने का भरोसा भी दिया। पंचायत भवनों में क्रमशः ई-ऑफिस व्यवस्था के क्रियान्वयन की बात भी कही। उन्होंने भ्रमण कर ग्रामीण क्षेत्र की प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की रिपोर्ट बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पंचायत स्तर पर आगामी 30 मई तक शासकीय जमीन की फेंसिंग व सुरक्षा सुनिश्चित करने पर ही पौधरोपण की स्वीकृति मिलेगी। कार्यक्रम में उन्होंने समस्त जनप्रतिनिधियों से जनकल्याण और विकास कार्यों के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया।

### पंचमुखी हनुमान के किए दर्शन, सेल्फी स्टैण्ड पर फोटो खिंचवाई-

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बंदरखोह में प्राचीन बाघिन नदी के उद्गम स्थल पर पूजन अर्चन भी किया। साथ ही नदी के स्वच्छ जल को कलश में अर्पण कर आमजनों से जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के साथ सेल्फी स्टैंड पर फोटो भी खिंचवाई। मंत्री श्री पटेल ने बंदरखोह के पंचमुखी हनुमान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की। मंत्री ने कहा कि नदियों का उद्गम स्थल ऊर्जा का केंद्र होता है। इसका वर्णन हमारे धार्मिक ग्रंथों और उपनिषद एवं पुराण में भी मिलता है। उन्होंने कहा कि वृक्ष और नदियों का संगम भी जीवन का स्त्रोत है। मंत्री ने स्वयं के पवित्र नर्मदा नदी की पद यात्रा के संस्मरण साझा करते हुए आमजनों से प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागिता की अपील की। साथ ही कहा कि स्वच्छ एवं बेहतर पर्यावरण के लिए हमें प्राचीन जल संरचनाओं सहित पौध रक्षा का प्रण लेना होगा। आज पर्यावरण का पैमाना बदल रहा है। किसी तकनीक के जरिए तापमान में बढ़ोत्तरी पर रोकथाम संभव नहीं है, बल्कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें अपनी जड़ों से जुड़कर प्राकृतिक रूप से मौजूद संसाधनों और जल स्त्रोतों की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन के लिए हमें अपनी जीवनशैली में भी परिवर्तन लाना जरूरी है। साथ ही पौधरोपण के उपरांत पौधों की आजीवन रक्षा का संकल्प भी लें। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में छोटी नदियों को बारहमासी रखकर ही बड़ी नदियों को निरंतर जीवंत रख सकेंगे। उन्होंने नदियों के उद्गम को सदैव समृद्ध बनाए रखने के उद्देश्य से वर्षा जल पर निर्भरता कम कर निर्माणाधीन जल परियोजनाओं के लिए जल स्त्रोतों की निरंतर उपलब्धता की उचित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा जल स्त्रोतों के किनारे उपयुक्त पौधों के रोपण की सलाह भी दी। सर्वसमाज एवं जनसहभागिता से जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए कहा। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पन्ना जिले में नदियों के उद्गम स्थल पर पूजन और प्राचीन जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार कार्य का वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजन का यह पहला शुभ अवसर है। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री द्वारा पवित्र नर्मदा नदी की पद यात्रा के माध्यम से 2700 किलोमीटर की परिक्रमा को प्रेरणास्पद बताया और उनके कुशल नेतृत्व, प्रशासनिक क्षमता, दूरदृष्टि सोच, स्पष्टवादी विचार और व्यक्तित्व की सराहना की। उन्होंने पन्ना नगर को पानी उपलब्ध कराने और प्रमाणी संप्रदाय के लिए ऐतिहासिक महत्व की किलकिला नदी के पुनरुद्धार के संबंध में जरूरी सहयोग की अपेक्षा की। साथ ही इसके माध्यम से छोटे तालाबों में जल संचयन के बारे में अवगत करते हुए राम वन पथ गमन स्थल के बीच बाघिन नदी के उद्गम स्थल बंदरखोह तक पहुंच मार्ग के निर्माण की आवश्यकता भी बताई। उन्होंने क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध स्थल वृहस्पति कुंड की महत्ता के बारे में भी अवगत कराया तथा कहा कि विकासपरक सोच व प्रतिबद्धता से अब क्षेत्र के विकास का नया आयाम स्थापित होगा। गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान में जनता के सहयोग से प्राचीन जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन कार्य को सराहनीय बताया और इसके लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों व जागरूकता कार्यक्रमों इत्यादि के बारे में जानकारी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष मीना पाण्डेय, जिला सहकारी प्रेस के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार बृजेन्द्र गर्ग एवं अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले, कार्यपालन



यंत्री जल संसाधन विभाग सतीश शर्मा भी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत इटवांखास की सरपंच उर्मिला पटेल द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

### किलकिला नदी के उद्गम स्थल पर किया पूजन-

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पन्ना शहर के निकट स्थित किलकिला नदी के उद्गम स्थल पहुंचकर पूजन किया। जल गंगा संवर्धन आभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत जनवार के छापर गांव में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने किलकिला नदी के विकास और पुनरुद्धार कार्यों की जानकारी भी ली। साथ ही उपस्थित ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनकर तत्काल निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने जल कलश में नदी का जल अर्पण कर जल संरक्षण का संकल्प भी दिलाया। मंत्री श्री पटेल के आगमन पर महिलाओं ने कलश यात्रा निकलकर जल संरक्षण का संदेश दिया। जनप्रतिनिधि और अधिकारियों द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का आत्मीय स्वागत किया गया।

### निर्माणाधीन अटल ग्राम सेवा सदन बिलखुरा का किया निरीक्षण-

कैबिनेट मंत्री ने ग्राम पंचायत बिलखुरा के निर्माणाधीन पंचायत भवन अटल ग्राम सेवा सदन का निरीक्षण भी किया। इस दौरान कार्यों की गुणवत्ता व अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेकर सर्वसुविधायुक्त भवन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत भवन का नक्शा और डिजाइन भी देखी। साथ ही यहां विकसित की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। नवीन अटल ग्राम सेवा सदन का निर्माण साढ़े 37 लाख रूपए की लागत से किया जा रहा है।

### बाल कथा व्यास पंडित श्री पार्थ वीर शुक्ला जी श्री जुगुल किशोर जी मंदिर में सुना रहे है अपनी पहली कथा

# भागवत कथा में पहले दिन भक्ति प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रोता



पन्ना।

शहर के श्री जुगुल किशोर जी मंदिर में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन आज दिनांक २ मई दिन शुक्रवार से सुभारम्भ किया गया है ।कथा के प्रथम दिन श्री राम जानकी मंदिर से भव्य कलश यात्रा दोपहर २ बजे निकाली गयी जो श्री जुगुल किशोर जी मंदिर में समापन हुई। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पांच वर्ष की उम्र से प्रवचन करने वाले बाल कथा व्यास श्री पार्थु वीर शुक्ला जी के द्वारा श्री जुगुल किशोर जी मंदिर में प्रभु की भक्ति और मानव के उद्धार प्रसंग का उल्लेख किया गया । बाल व्यास जी ने कहा एक समय की बात है, नैमिषारण्य तीर्थ में शौनकादिक 88 हजार ऋषियों ने पुराणवेत्ता सूतजी से पूछा- हे सूतजी, इस कलियुग में वेद-विद्यारहित मनुष्यों को प्रभु भक्ति किस प्रकार मिलेगी तथा उनका उद्धार कैसे होगा। हे मुनिश्रेष्ठ, कोई ऐसा व्रत अथवा तप कहिए जिसके करने से थोड़े ही समय में पुण्य प्राप्त हो तथा मनवांछित फल भी मिले। हमारी प्रबल इच्छा है कि हम ऐसी कथा सुनें। सर्वशास्त्रज्ञाता श्री सूतजी ने कहा हे वैष्णवों में पूज्य! आप सबने प्राणियों के हित की बात पूछी है। अब मैं उस श्रेष्ठ व्रत को आपसे कहूंगा, जिसे नारदजी के पूछने पर लक्ष्मीनारायण भगवान ने उन्हें बताया था। कथा इस प्रकार है। आप सब सुनें। एक समय देवर्षि नारदजी दूसरों के हित की इच्छा से सभी लोकों में घूमते हुए मृत्युलोक में आ पहुंचे। यहां अनेक योनियों में जन्मे प्रायरू सभी मनुष्यों को अपने कर्मों के अनुसार कई दुखों से पीड़ित देखकर उन्होंने विचार किया कि किस यत्न के करने से प्राणियों के दुखों का नाश होगा। ऐसा मन में विचार कर देवर्षि नारद विष्णुलोक गए। वहां श्वेतवर्ण और चार भुजाओं वाले देवों के ईश नारायण को, जिनके हाथों में शंख, चक्र, गदा और पद्म थे तथा वरमाला पहने हुए थे, देखकर स्तुति करने लगे। नारदजी ने कहा- हे भगवन! आप अत्यंत शक्ति से संपन्न हैं, मन तथा वाणी भी आपको नहीं पा सकती, आपका आदि-मध्य-अंत भी नहीं हैं। आप निर्गुण स्वरूप सृष्टि के कारण भक्तों के दुखों को नष्ट करने वाले हो। आपको मेरा नमस्कार है। नारदजीसे इस प्रकार की स्तुति सुनकर विष्णु बोले- हे मुनिश्रेष्ठ! आपके मन में क्या है। आपका किस काम के लिए यहां आगमन हुआ है? निरूसंकोच कहें। तब नारदमुनि ने कहा- मृत्युलोक में सब मनुष्य, जो अनेक योनियों में पैदा हुए हैं, अपने-अपने कर्मों द्वारा अनेक प्रकार के दुखों से पीड़ति हैं। हे नाथ! यदि आप मुझ पर दया रखते हैं तो बताइए उन मनुष्यों के सब दुख थोड़े से ही प्रयत्न से कैसे दूर हो सकते हैं। विष्णु भगवान ने कहा- हे नारद! मनुष्यों की भलाई के लिए और आत्मदेव की कथा का किया। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा दिनांक 2 मई से दिनांक 9 मई 2025 तक शाम 5रू00 बजे से हर इच्छा तक चलेगी। श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य आयोजक इंजीनियर अनुपम शुक्ला एवं समस्त श्री जुगल किशोर जी मंडली के भक्तगण है।कथा आयोजक परिवार ने जिले के समस्त भागवत कथा प्रेमियों से अधिक से अधिक सपरिवार कथा पंडाल में पहुँचकर कथा का रसपान करने का आग्रह किया है।

## परिवाहन व्यवस्था ठप्प खुले आसमान के नीचे पड़ा किसानों का हजारों क्विंटल अनाज, कभी भी हो सकती है बारिस



### किसानों के हाल बेहाल बारदाना ना होने के कारण तुलाई का कार्य रूका

पन्ना। जिले के गुनौर तहसील अंतर्गत सलेहा कृषि उपज मंडी में दो खरीदी केंद्र बनाये गये है जिसमे पटना तथा सलेहा खरीदी केन्द्व है दोनो केन्द्वो मे आसपास के हजारों किसान अपना अनाज बेचने पहुंच रहे है लेकिन मंडी परिसर में भारी अवयवस्क्था हैं जिससे किसानों के अनाज की तुलाई नही हो पा रही है। केन्द्व प्रभारी का कहना है कि वारदाना नही है जिससे अभी तुलाई नही हो सकती है पूर्व में जो अनाज की तुलाई की गई थी वह भी खुले आसमान में पडा है कभी भी बारिस होने पर हजारो बोरा अनाज भीग सकता है। मंडी परिसर में भारी अव्यस्था है पानी बिजली साफ सफाई सहित अन्य प्रकार की अनिमित्तायें है जबकी प्रशासन द्वारा जिम्मेबार सभी व्यस्थायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। किसानो ने जिला कलेक्टर से अबिलंब अनाज की खरीदी कराने तथा व्यस्थाये सुधाराने की मांग की है।

## सीएम राईज विद्यालय में शुरू हुआ समर कैम्प



अजयगढ़। सीएम राईज विद्यालय अजयगढ़ में दिनांक 01/05/2025 से 20/05/2025 तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे 1- अंदर की आवाज -बाहर की कहानियाँ, 2-संस्कृति के रंग रूहमारी विरासत - हमारी पहचान, 3-सक्रिय नागरिकता रूहमारा समुदाय -हमारी जिम्मेदारी, 4-खेल की भावना एवं विकास आदि थीम्स पर आधारित गतिविधिया संचालित की जा रही है। इन थीम्स पर बच्चे बहुत ही उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी गर्मी की छुट्टी का आनंद लें रहे हैं। शिक्षकों द्वारा आनंद के साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं। प्रत्येक थीम के लिए गाइड अध्यापक प्रथक पृथक नियुक्त किये गए हैं। जैसे - अंदर की आवाज-बाहर की कहानी के लिए कु. निवेदिता मैम एवं मोहन भारती सर, संस्कृति के रंग रू हमारी विरासत -हमारी पहचान के लिए कु. प्रिया मैम एवं श्री राजू यादव सर, सक्रिय नागरिकता, हमारा समुदाय -हमारी जिम्मेदारी के लिए श्री मती प्राची गुप्ता मैम एवं शुभम तिवारी सर तथा खेल की भावना का विकास के लिए श्री गजेंद्र यादव जी नियुक्त किये गए है। सभी बच्चे अपनी पसंद की थीम्स की आधार पर खेलना, बोलना, गाना, नाचना, वाद्य यंत्र बजाना चित्रकला, हस्तकला, योग एवं ध्यान आदि के हुनर सीख रहे हैं। विद्यालय प्राचार्य श्री वीरेंद्र कुमार मिश्रा जी द्वारा इन समर कैंप की गतिविधियों की मॉनिटरिंग के साथ साथ सभी का उत्साहवर्धन भी बढ़ चढ़ कर किया जा रहा है।

## बाइक व 7000 रुपये लेकर भागने वाले कुख्यात चोर को अजयगढ़ पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर किया गिरफ्तार

### आरोपी के खिलाफ पन्ना छतरपुर और यूपी बांदा जिले के कई थानों में दर्ज हैं दर्जनों मामले

अजयगढ़।



थाना पुलिस ने कुख्यात चोर को शिकायत के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रामकेश अहिरवार पिता रामसजीवन उम्र 18 साल निवासी पिष्टा 1 मई 2025 को हैदराबाद से अपने घर लौट रहा था, करतल में रामकेश की मुलाकात सीताराम पटेल पिता इंद्रपाल उम्र 36 साल से हुई और मोबाइल नंबर आदान प्रदान हुए इसके उपरांत रामकेश घर आ गया सीताराम पटेल ने रामकेश को एलएनटी मशीन का ड्राइवर बनाने बुलाया तो रामकेश अजयगढ़ पेट्रोल पंप पहुंचा जहां सीताराम पटेल रामकेश के 7 हजार रुपये व बाइक लेकर फरार हो गया। काफी समय बाद भी जब वह नहीं लौटा तो युवक ने अपने पिता के साथ थाना अजयगढ़ में शिकायत दर्ज कराई। अजयगढ़ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 24 घण्टे के अंदर आरोपी को बीरा तिराहा करतल रोड से गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि सीताराम पटेल कुख्यात चोर है जिसके विरुद्ध यूपी के नरैनी करतल, व छतरपुर के चंदला व लवकुशनगर सहित पन्ना में भी दर्जनों मामले दर्ज हैं। आरोपी से 7 हजार रुपये व बाइक जप्त कर न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

**खबर संक्षेप**

### ढिलापुर गांव में दबंगों का आतंक, गाली-गलौज के बाद किया पथराव

**पुलिस ने शराबी आरोपी को हिरासत में लिया, पीड़ित ने की सख्त कार्रवाई की मांग**



**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम ढिलापुर में दबंगों के आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार की सुबह एक बार फिर एक शराबी दबंग ने नशे में धुत्त होकर 60 वर्षीय वृद्ध के साथ गाली-गलौज, जातिसूचक टिप्पणी और उसके घर पर पथराव किया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। ग्रामीण मिथुन तिवारी ने बताया कि कुछ दिन पहले असामाजिक तत्वों ने ब्राह्मण समाज के खिलाफ गाली-गलौज और जातिसूचक अभद्रता की थी। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर सीएसपी अमन मिश्रा और थाना प्रभारी दीपक यादव ने गांव में शांति समिति की बैठक कर ब्राह्मण और यादव समाज को समझाइश दी थी। मामला शांत होने के करीब एक महीने बाद शुक्रवार की सुबह गांव के दबंग प्रीतम यादव ने शराब के नशे में मिथुन के पिता रामप्रकाश तिवारी के साथ गाली-गलौज और जातिसूचक टिप्पणी की। इतना ही नहीं आरोपी द्वारा उसके घर पर पथराव भी किया गया। मिथुन ने तुरंत थाना प्रभारी को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने प्रीतम को हिरासत में ले लिया। वहीं मिथुन ने एसपी ऑफिस में शिकायती आवेदन दिया है। मिथुन का कहना कि प्रीतम यादव पर पहले भी कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा है कि यदि दबंगों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वह गांव छोड़ने को मजबूर हो जाएंगे।

### हादसे में घायल हुए किशोर व युवक की मौत

**कटनी।** हादसे में घायल दो लोगों की मौत हो गई। घटना कुठला व कैमोर थाना क्षेत्र में हुईं। जानकारी के अनुसार कुठला थाना अंतर्गत हुए 30 मार्च को हुए सड़क हादसे में एक किशोर घायल हो गया था। उसका इलाज मेडीकल अस्पताल जबलपुर में चल रहा था। पुलिस ने बताया कि अभिषेक चौधरी 17 निवासी शास्त्री चौक रंगनाथनगर सड़क हादसे में घायल हो गया था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरे मामले में कैमोर थाना अंतर्गत अमेहटा के पास हुए सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## कलेक्टर ने की जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा

# खेत तालाब एवं डगवेल रिचार्ज के कार्य फील्ड पर दिखें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर




शुक्रवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, नवागत सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे एवं वीसी के माध्यम एसडीएम, तहसीलदार, जप सीईओ, निकायों के सीएमओ सहित अन्य अधिकारी जुड़े रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत किए जा रहे खेत तालाबों, डगवेल रिचार्ज, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवरों, जीर्णोद्धार के कार्यों की जनपदवार समीक्षा करते हुए अमृत सरोवर के कार्यों में जप लवकुशनगर में शेष तकनीकी स्वीकृति न होने पर ईई आरईएस की 2 वेतन वृद्धि रोकने, बिजावर सीईओ की टीएस न होने पर 1 वेतन वृद्धि रोकने, साथ ही बड़ामलहरा सीईओ के खेत तालाबों की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त की और 7 दिवस की वेतन काटने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए। कलेक्टर ने छतरपुर एई के खेत तालाब के कार्य में प्रशासनिक स्वीकृति होने के बाद जियो टैगिंग कर मस्टर निकालने के निर्देश दिए और डगवेल रिचार्ज के कार्य में खराब प्रगति पर 1 वेतन वृद्धि रोकने के भी निर्देश दिए। साथ ही खेत तालाब एवं डगवेल के कार्य में एई बिजावर की 1 वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि खेत तालाब एवं डगवेल रिचार्ज के कार्य फील्ड पर दिखें, केवल आंकड़ों में ही सीमित ना रहे।

### कम प्याऊ लगाने पर सहायक इंजीनियर वेतन वृद्धि रोकी

कलेक्टर श्री जैसवाल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के नपा के बिगड़े बाग बगीचों, तालाबों के जीर्णोद्धार, सार्वजनिक प्याऊ स्थापित करने, हरित क्षेत्र विकास, रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों की समीक्षा की। जिसमें नपा नौगांव में वार्डो में कम प्याऊ लगाने पर सहायक इंजीनियर की 1 वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। सीएमओ चंदला को कार्य में समय से टेंडर न होने पर शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने सटई सीएमओ को तालाब जीर्णोद्धार के कार्य और करने के लिए कहा और हफ्ते में 2 दिन जाकर तालाबों के जीर्णोद्धार के कार्य देखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग को अभियान की गतिविधियों को करने के लिए कहा एवं उद्योग विभाग को रुफ वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए उद्योगों को प्रेरित करने एवं पौधरोपण की कार्ययोजना बनाने के लिए कहा एवं कार्य में खराब प्रगति पर एजीएम को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग को किमी स्टोन लगाने, निरंतर गतिविधियां करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएचई विभाग के ईई को बैठक में अनुपस्थित रहने पर शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए और उपस्थित प्रतिनिधि को नल जल योजना में स्त्रोतों की जियो टैगिंग करने और लीकेज एवं टपकते नल सुधारने के निर्देश दिए।

### ड्राइव चलाकर तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराएं

कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत राजस्व अभिलेखों में शेष अमृत सरोवरों को दर्ज करने के लिए एसडीएम बिजावर, नौगांव को जल्द दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने तहसील छतरपुर में संकटमोचन तालाब के अतिक्रमण मुक्त की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देशित किया कि जप सीईओ के साथ बैठक कर सचिव एवं सहायक यंत्री को लगाकर तालाबों के अतिक्रमण वाली जगह चिन्हित कराएं और सूची तैयार कर अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीईओ बिजावर को बहुत कम केवल 3 तालाबों पर अतिक्रमण होने पर एवं कार्य को ठीक से ना करने पर कार्यवाही के प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए।

### कृषि विभाग के एसडीओ की 1 वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

कलेक्टर ने डीडीए से नरवाई में की गई कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए कृषि विभाग द्वार छतरपुर में कोई कार्यवाही न करवाने पर एसडीओ छतरपुर की 1 वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। साथ ही हैप्पीसीडर एवं सुपरसीडर के निरंतर प्रदर्शन करने के निर्देश भी दिए।

## मानसिक कमजोरी का फायदा उठाकर परिवार के लोगों ने हड़प ली किसान की जमीन



**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** जिले के बकस्वाहा थाना क्षेत्र के ग्राम महुटा निवासी एक मानसिक रूप से कमजोर किसान की जमीन को परिवार के ही कुछ लोगों द्वारा धोखे से हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने अपनी बहन और पुत्री के साथ शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है।

पीड़ित किसान गुड्डू पुत्र गोपीलाल यादव की बहन पूना बाई यादव ने बताया कि गुड्डू की मानसिक कमजोरी का फायदा उठाकर परिवार के काशी यादव, रुकमन यादव और नन्नेभाई यादव ने उसकी जमीन अपने नाम करा ली। पूना बाई के अनुसार, गुड्डू की एक विवाह योग्य पुत्री शिवानी यादव है और परिवार के पास आय का कोई अन्य स्त्रोत नहीं है। इस मामले की शिकायत पहले बकस्वाहा थाने में की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब एसपी से निष्पक्ष जांच और जमीन वापस दिलाने की गुहार लगाई गई है।

## खजुराहो रेलवे स्टेशन पर ईवी चार्जिंग स्टेशन की शुरुआत




**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** पर्यावरण संरक्षण और यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए खजुराहो रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की सुविधा शुरू की जा रही है। झांसी मंडल द्वारा परिसंपत्तियों के उपयोग के लिए चल रही ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत खजुराहो सहित ललितपुर, उरई और बांदा स्टेशनों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। विभाग की यह पहल पर्यटन नगरी खजुराहो में हरित परिवहन और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देगी। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने बताया है कि ईवी चार्जिंग स्टेशन की नीलामी 13 मई 2025 को होगी।

मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने बताया ईवी स्टेशन के अलावा झांसी मंडल द्वारा परिसंपत्ति प्रबंधन के अंतर्गत विभिन्न मदों में संपत्तियों की ई-नीलामी भी की जा रही है, जिसमें 9 ट्रेनों के 10 एसएलआर कोच की नीलामी 1 मई को, 1 ट्रेन के 2 एसएलआर कोच की नीलामी 9 मई को, उरई में रेल कोच रेस्टोरेंट की नीलामी 2 मई को, ग्वालियर में वाटर वेंडिंग मशीन की नीलामी 5 मई को, 4 ट्रेनों के बाहरी और 2 ट्रेनों के भीतरी हिस्सों पर विज्ञापन अधिकार 13 मई को होंगे। इसके अलावा दतिया, डबरा, मुरैना, महोबा, मऊरानीपुर, छतरपुर, खजुराहो स्टेशनों और चित्रकूट, उरई, भीमसेन, खजुराहो के रेलवे ओवरब्रिजों पर विज्ञापन अधिकार भी होंगे। डिजिटल और गैर-डिजिटल मीडिया के साथ 5 स्टेशनों पर एलईडी फ्लैंज के जरिए प्रचार के अवसर भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य निष्क्रिय परिसंपत्तियों से राजस्व वृद्धि, नए व्यापार स्त्रोत और स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा करना है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि यह कदम स्मार्ट और पर्यावरण-संवेदनशील रेलवे सिस्टम की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## चित्रगुप्त प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में शुरू हुए तीन दिवसीय आयोजन

**चित्रगुप्त मंदिर में पहले दिन हुई विविध प्रतियोगिताएं**



**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय आयोजन की शुरुआत शुक्रवार को हुई। पहले दिन चैस, कैरम, मेंहदी, रंगोली और पेंटिंग सहित छह प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। आयोजन समिति की सदस्य स्मिता खरे ने बताया कि यह तीन दिवसीय कार्यक्रम पिछले 20 वर्षों से आयोजित हो रहा है। पहले दिन प्रतियोगिताओं के साथ स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। शनिवार को वृद्धजनों का सम्मान समारोह होगा, वहीं 4 मई को चंद्रगुप्त मंदिर से शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## लव जिहाद मामले में मातगुवां थाना में दर्ज हुई एफआईआर, आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** बीते रोज जिले के मातगुवां थाना क्षेत्र से सामने आए लव जिहाद के मामले में मातगुवां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है, साथ ही आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। यह कार्रवाई एक महिला की शिकायत पर की गई, जिसमें उसने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव और प्रताड़ना का आरोप लगाया था। एएसपी विदिता डागर ने बताया कि बीते रोज पीड़ित महिला ने मातगुवां निवासी एक व्यक्ति पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डालने और मानसिक तथा शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। उक्त शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज की और आरोपी को हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि मामले के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है।

### न्याय की आश में 4 साल से भटक रही महिला



**पति पर लगाए प्रताड़ना के आरोप, एसपी से लगाई न्याय की गुहार**

**छतरपुर।** दहेज की मांग पूरी न करने पर पति द्वारा मारपीट और प्रताड़ना का शिकार झमटुली गांव की रानी हरिजन ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। रानी का कहना है कि वह चार साल से न्याय के लिए थानों के चक्कर काट रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

पीड़ित रानी के मुताबिक उसका विवाह कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बरायच खेरा निवासी सुनील के साथ हुआ था। सुनीन पर गंभीर आरोप लगाते हुए रानी ने बताया कि सुनील शराब का आदी है और आए दिन मारपीट करता है और लगातार दहेज की मांग कर रहा है। रानी के मुताबिक वह चार साल से प्रताड़ित है। वह कई बार महिला थाने गईं, लेकिन वहां सुनवाई नहीं हुई और उससे कोतवाली थाने जाने को कहा गया। वहीं कोतवाली थाने से उसे महिला थाना जाने की बात कहकर भगा दिया जाता है। रानी ने एसपी से निष्पक्ष जांच और अपने पति के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## खनिक अभिनंदन दिवस 2025 के अवसर पर सम्मानित हुए उत्कृष्ट कोयला क्षेत्र, इकाई एवं कर्मी



**सिंगरौली।** एनसीएल में गुरुवार को खनिक अभिनंदन दिवस- 2025 के अवसर पर विभिन्न श्रेणियों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कोयला क्षेत्रों, इकाईयों व कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी एनसीएल परियोजनाओं को विभिन्न मानकों पर दो श्रेणियों (ए और बी) में बांटा गया था । पहली श्रेणी में सालाना 15 मिलियन टन से अधिक तथा दूसरी श्रेणी में 15 मिलियन टन से कम कोयला उत्पादन करने वाले क्षेत्रों को रखा गया। सर्वाधिक कोयला उत्पादन के लिए ग्रुप ए में जयंत तथा ग्रुप बी में बीना और सर्वाधिक विभागीय अधिभार हटाव के लिए दूधीचुआ क्षेत्र (ग्रुप ए) एवं बीना क्षेत्र (ग्रुप बी) को सर्वश्रेष्ठ परियोजना के रूप में चुना गया ।

विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2024-25 में कोयला उत्पादन में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि के लिए श्रेणी ए व बी में निगाही व झिंगुरदा क्रमशः, तथा विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2024-25 में कोयला प्रेषण में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि के लिए श्रेणी ए में दूधीचुआ एवं श्रेणी बी में झिंगुरदा परियोजना को सम्मानित किया गया। विगत वर्ष की तुलना में विभागीय अधिभार हटाव में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि के लिए खड़िया व कृष्णशिला को पुरस्कृत किया गया । सर्वाधिक क्षमता उपयोगिता के लिए जयंत व कृष्णशिला, विगत वर्ष की तुलना मे कोयला स्टॉक में सर्वाधिक प्रतिशत कमी के लिए अमलोरी व झिंगुरदा, कोयले के प्रतिशत ग्रेड की स्वीकृति के लिए निगाही व ब्लॉक-बी, सर्वाधिक विभागीय ओएमएस के लिए जयंत व बीना, प्रति टन न्यूनतम उत्पादन लागत की श्रेणी में जयंत व कृष्णशिला, सर्वाधिक अनुमानित लाभप्रदता के लिए जयंत व कृष्णशिला चयनित हुए । पूर्व वर्ष की तुलना में डीजल खपत में सर्वाधिक प्रतिशत कमी के लिए खड़िया व ब्लॉक-बी, न्यूनतम बिजली खपत में अमलोरी व बीना पुरस्कृत हुए । पाउडर फैक्टर की श्रेणी मे कोयले के लिए अमलोरी व झिंगुरदा, अधिभार हटाव (शॉवेल-डंपर) के लिए दूधीचुआ व कृष्णशिला, अधिभार हटाव (ड्रैगलाइन) के लिए खड़िया व बीना पुरस्कृत हुए। भारी मशीनों की सर्वाधिक उपलब्धता की श्रेणी मे ड्रैगलाइन के लिए खड़िया एवं बीना, शॉवेल के लिए दूधीचुआ व झिंगुरदा तथा डंपर के लिए निगाही व ककरी विजेता बनी ।भारी मशीनों की सर्वाधिक उपयोगिता की श्रेणी मे ड्रैगलाइन के लिए खड़िया एवं बीना, शॉवेल के लिए जयंत व झिंगुरदा तथा डंपर के लिए जयंत व ककरी ने बाजी मारी। पूर्व वर्ष की तुलना में शॉवेल-डंपर प्रणाली की क्षमता के उपयोग मे सर्वाधिक प्रतिशत वृद्धि के लिए दूधीचुआ व झिंगुरदा विजेता बने। जेम-पोर्टल से सर्वाधिक सामान व सेवाएँ खरीदने के लिए निगाही व बीना सर्वश्रेष्ठ कोयला क्षेत्र बने। निगमित सामाजिक दायित्व के बजट के सर्वाधिक प्रतिशत उपयोग के लिए खड़िया व झिंगुरदा को चयनित किया गया। बजट के सापेक्ष सर्वाधिक प्रतिशत पूंजीगत व्यय के लिए अमलोरी व झिंगुरदा, सर्वाधिक अवधि के लिए शून्य दुर्घटना की श्रेणी में खड़िया, बीना व ककरी को चुना गया। पिछले पांच वर्ष में शून्य दुर्घटना के लिए खड़िया व झिंगुरदा को विशिष्ट पुरस्कार दिया गया। पर्यावरण मानकों के बेहतरीन अनुपालन के लिए अपनी–अपनी श्रेणियों में अमलोरी व कृष्णशिला, सर्वश्रेष्ठ औद्योगिक सम्बन्ध के लिए अमलोरी व बीना पुरस्कृत हुए । इसके साथ ही अमलोरी व ककरी को विगत वर्ष की तुलना में इन्वेंटरी में सर्वाधिक प्रतिशत कमी के लिए विशिष्ट पुरस्कार से नवाजा गया ।

### सर्वश्रेष्ठ कल्याण सुविधाओं के लिए मिला उत्कृष्टता पुरस्कार

इस दौरान परियोजनाओं में कल्याण सुविधा की श्रेणी में भी सर्वश्रेष्ठ परियोजनाओं को सम्मानित किया गया। अन्य पुरस्कारों के साथ इस श्रेणी में सुविधा इकाइयों में जयंत, दूधीचुआ व कृष्णशिला ने पहला, निगाही, बीना व ककरी ने दूसरा और खड़िया व झिंगुरदा ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी कड़ी में परियोजनाओं में कल्याण सुविधा (गैर उत्पादन इकाई) की श्रेणी में एनसीएल मुख्यालय को प्रथम, सीडबल्यूएस को द्वितीय एवं एनएससी जयंत को तृतीय पुरुस्कार से नवाजा गया। महिला मंडल के माध्यम से समग्र रूप से आस-पास के समाज के कल्याण के लिए विभिन्न परियोजनाओं की महिला समितियों को भी सम्मानित किया गया ।इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु 76 कर्मियों, 11 ग्रुप्स, एवं 12 संविदाकर्मियों को भी विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विगत वर्ष 2024 -25 में आयोजित विभिन्न कोल इंडिया अंतर कंपनी स्तरीय स्पोर्ट्स स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक या प्रथम स्थान अर्जित करने वाले विभिन्न खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया।

## वैश्य महासम्मेलन ने राहुल साहू को सौंपी युवाओं की बागडोर

**खजुराहो संभागीय युवा अध्यक्ष नियुक्त हुए श्री साहू ने संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों का जताया आभार**



**नौगांव।** समाजसेवा की निःस्वार्थ भावना और गरीब-असहायों के प्रति संवेदनशीलता रखने वाले नौगांव निवासी राहुल साहू को वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की युवा इकाई का खजुराहो संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल द्वारा की गई, जो प्रदेश महामंत्री गोविंदास असाटी की सहमति एवं संभागीय अध्यक्ष अजय गुप्ता की अनुशंसा पर हुई।

राहुल साहू ने बीते वर्षों में धार्मिक आयोजनों से लेकर सामाजिक सेवा के कई क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर मदद करना, युवा वर्ग को संगठित करना और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना उनके कार्यों की प्रमुख पहचान रही है। प्रदेश नेतृत्व ने राहुल साहू में संगठन के प्रति समर्पण, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति की खबर से खजुराहो समेत पूरे संभाग में हर्ष का माहौल है।

### राहुल साहू ने जताया आभार -

अपनी नियुक्ति पर राहुल साहू ने संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा, “मैं समाज की सेवा को ही अपना धर्म मानता हूँ। यह जिम्मेदारी मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ा उत्तरदायित्व भी है। युवाओं को जोड़कर संगठन को नई ऊँचाई तक ले जाना हर संभव प्रयास कर मेरा लक्ष्य रहेगा। इस अवसर पर समाज के अनेक प्रबुद्धजनों, युवाओं ईष्ट मित्रों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं है।

### जलस्रोतों की साफ-सफाई और अतिक्रमण हटाने की उठी मांग



**छतरपुर।** सिंघाड़ी नदी एवं तालाब सुधार संघर्ष समिति तथा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांत ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शहर के जलस्रोतों की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार की मांग की है। संगठनों ने सिंघाड़ी नदी, गायत्री मंदिर तलैया और ग्वाल मंगरा तालाब सहित अन्य जलस्रोतों पर ध्यान देने की अपील की। ग्राहक पंचायत संगठन के शैलेंद्र मिश्रा ने कहा कि जलस्रोतों की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार के लिए जिला प्रशासन को योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करना चाहिए। उन्होंने सिंघाड़ी नदी और तालाबों के संरक्षण पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। वहीं, समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सिंघाड़ी नदी को शामिल किया गया है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से सुझाव दिए और अन्य जलस्रोतों पर अतिक्रमण हटाने की मांग की।

## एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा “बालिका सशक्तीकरण अभियान 2025” के तहत बालिकाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण




**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 की तैयारियों के तहत प्रतिभागी बालिकाओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 20 शासकीय विद्यालयों से चयनित 103 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे 19 मई से 15 जून 2025 तक चलने वाले इस आवासीय कार्यक्रम के लिए पूरी तरह से स्वस्थ और सक्षम हैं। यह परीक्षण डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनके साथ डॉ. हेमा उराव (वरिष्ठ विशेषज्ञ), डॉ. तनय पटेल (स्पेशलिस्ट) और डॉ. भगवत सिंह लोधी (जीडीएमओ) की अनुभवी टीम मौजूद रही। इस अवसर पर बालिकाओं की ऊँचाई, वजन, हीमोग्लोबिन स्तर और सामान्य शारीरिक स्थिति की जाँच की गई। इस स्वास्थ्य परीक्षण का उद्देश्य न केवल प्रतिभागियों की शारीरिक फिटनेस सुनिश्चित करना था, बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और आत्मविश्वासी शुरुआत देना भी था। एनटीपीसी विंध्याचल का यह प्रयास बालिकाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

## खबर संक्षेप

### ई केवाईसी कराने पर ही मिलेगा जून माह से खाद्यान्न - कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज रीवा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित मूल्य दुकानों से खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को हर माह निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न दिया जा रहा है। शासन द्वारा 15 मई से स्मार्ट खाद्यान्न वितरण व्यवस्था लागू की जा रही है। इस व्यवस्था का लाभ लेने के लिए प्रत्येक राशन कार्ड में दर्ज हितग्राही का ई केवाईसी होना अनिवार्य है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी राशन कार्डधारियों से अपील करते हुए कहा है कि इस माह का खाद्यान्न लेने के लिए उचित मूल्य दुकान जाने पर सभी सदस्यों का ई केवाईसी करा लें। ई केवाईसी न कराने पर यह माना जाएगा कि राशन कार्ड में दर्ज सदस्य वर्तमान में दर्ज पते पर नहीं रह रहा है। इसे स्थाई पलायन मानते हुए उसका नाम राशन कार्ड से पृथक किया जाएगा। ई केवाईसी न कराने पर मई माह के बाद खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए ई केवाईसी तत्काल करा लें। इसके लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन से संपर्क करके पीओएस मशीन के माध्यम से पूरी जानकारी एम राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज करें। कलेक्टर ने एसडीएम जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला आपूर्ति अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को ई केवाईसी कराने के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जो व्यक्ति उचित मूल्य दुकान में आकर पूरी जानकारी प्रस्तुत कर दे उसका ई केवाईसी तत्काल कर दें। खाद्यान्न वितरण के बाद उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन अन्य कर्मचारियों के साथ शिविर लगाकर शेष बचे हितग्राहियों की ई केवाईसी कराएं। उचित मूल्य दुकानवार सूची उपलब्ध करा दी गई है। सभी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शिविरों में शामिल होकर 10 मई से पहले शत-प्रतिशत ई केवाईसी कराना सुनिश्चित करें। एसडीएम ई केवाईसी की प्रगति की प्रतिदिन जानकारी उपलब्ध कराएं।

### जिला बदर की अवधि समाप्त होने के एक दिन पहले कर दी मारपीट, पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज रीवा। जिले के मनगवां थाना पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने जिला बदर की अवधि समाप्त होने के एक दिन पहले मारपीट जैसी घटना घटित कर दी। इस घटना के बाद फरार आरोपी राहुल मिश्रा 28 वर्ष निवासी अमिरिती मनगवां वार्ड क्रमांक-10 पर पुलिस ने राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। टीआई वर्षा सोनकर ने बताया कि जिला बदर के आरोपी राहुल मिश्रा के घर पर होने की सूचना पर टीम बनाकर भेजी गई। जहां से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के जिला बदर की अवधि 19 मार्च 2025 तक थी, लेकिन 18 मार्च को उसने सुनील कुमार साकेत के साथ मनगवां में ढाबा के समीप अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर मारपीट किया। जिस पर अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश म की जा रही थी। इस आरोप ने जिला म बदर के आदेश का उल्लंघन कर अवधि समाप्त होने से पहले यहां आकर मारपीट की घटना भी कर दी। यह कृत्य अपराध धारा 14 मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत दंडनीय पाए जाने पर आरोपी घ राहुल के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। टीआई के मुताबिक आरोपी के मनगवां थाना में कुल 10 अपराध पंजीबद्ध हैं।

### मारपीट करने के मामले में आरोपी को 6 माह का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

गालियां देकर मारपीट करने वाले एक प्रकरण में न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा पूर्वी तिवारी ने आरोपी को 6 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण पर तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।प्रकरण में पैरवी एडीपीओ विनोद सिंह लोधी ने किया। एडीपीओ ने बताया कि 19 मई 2020 को दोपहर साढ़े 3 बजे उमरियापान थाना क्षेत्र के बारगांव निवासी सत्येन्द्र पटेल गांव में भगवान शंकर जी के मंदिर के पास लगे हैंडपंप में पानी भरने गया था।वहीं पर गांव का केशलाल रजक मिला। कोरोना महामारी चल रही थी तो सतेंद्र के यह पूछने पर कि उसका लड़का दो दिन पहले महाराष्ट्र से काम कर वापस लौटा है तो चैक अप कराये हो कि नहीं।

## जिले में सक्रिय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार




**हरिभूमि न्यूज रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुलिस ने बाइक चोरी की वारदातों में लिप्त एक सक्रिय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीन अन्य आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस को गिरोह के संबंध में अहम सुराग हाथ लगे हैं और आने वाले दिनों में और भी चोरी की गई गाड़ियां बरामद होने की संभावना है। सिविल लाइन पुलिस से मिली जानकारी अनुसार दुर्गा कॉलोनी निवासी राहुल सिंह के घर से बीते सप्ताह एक मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। घटना उस वक्त घटी जब घर के सभी सदस्य सो रहे थे और चोरों ने नकाब पहनकर वारदात को अंजाम दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए, जिनमें एक संदिग्ध की पहचान हुई। जांच के दौरान पुलिस ने सबसे पहले राजू कुशवाहा नामक युवक को हिरासत में लिया, जिसकी निशानदेही पर शुभम सोनी को पकड़ा गया। पूछताछ में सामने आया कि यह महज दो सदस्य नहीं, बल्कि पांच लोगों का एक गिरोह है, जो सुनियोजित तरीके से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है,गिरफ्तार आरोपियों के बयान से चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। यह गिरोह मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद उनके पार्ट्स अलग-अलग कर देता है और उन्हें बाजार में खपाने के लिए भेजता है, जिससे वाहनों की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। गिरोह लंबे समय से शहर में सक्रिय है और पहले भी कई चोरी की वारदातें इसी गिरोह के द्वारा की गई हो सकती हैं। सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि पुलिस ने एक बाइक को जब्त कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही इस गिरोह के बाकी सदस्यों को पकड़कर चोरी की अन्य बाइकें भी बरामद कर ली जाएंगी।

## टीआरएस कॉलेज के बाहर समस्याओं को लेकर छात्रों का प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन मांगे पूरी नहीं होने पर महाविद्यालय के घेराव की चेतावनी



**हरिभूमि न्यूज रीवा।।** एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में टीआरएस महाविद्यालय में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर महाविद्यालय में तालाबंदी पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया,जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि टीआरएस महाविद्यालय में अनेक प्रकार की समस्याएं व्याप्त हैं जिससे छात्र व छात्राएं काफी परेशान होते टीआरएस की सबसे प्रमुख समस्या जो प्रत्येक वर्ष सामने आती है पेयजल की समस्या टीआरएस महाविद्यालय में लगभग 500 लीटर का आरो प्लांट लगा हुआ है लेकिन महाविद्यालय इसे पिछले कई वर्षों से बनवाने में असमर्थ है। और इसके साथ महाविद्यालय द्वारा सभी विभागों के बाहर एक वाटर कूलर लगाने की व्यवस्था की जाए तथा महाविद्यालय में कई कक्षाएं ऐसी हैं जहां इतनी भीषण गर्मी में अगर 5 पंखे लगे हुए हैं तो उनमें से सिर्फ एक चल रहा हैं महाविद्यालय में कुछ शिक्षक ऐसे हैं।जिनसे अगर कोई छात्र असाइनमेंट सेमिनार या टेस्ट के बारे में कोई भी जानकारी लेना चाहता है तो वह सीधे उसे फेल करने की धमकी देते है महाविद्यालय द्वारा एक नया नियम निकाला गया है जिसमें अगर कोई छात्र टीसी या अपनी मार्कशीट लेना चाहता है तो उसे दोपहर 2:30 बजे के बाद ही महाविद्यालय के अंदर प्रवेश कर सकता हैं जोकि भूतपूर्व में पढ़ चुके छात्रों के लिए यह समय संभव नहीं है, कुछ दिनों से बॉटनी विभाग की प्राध्यापिका उमन द्विवेदी द्वारा छात्रों से दुर्व्यवहार करने का मामला आया है जो कि गलत है छात्रों को अगर परेशान किया गया और अगर आवाज उठाने पर फेल करने की धमकी दी गई तो एनएसयूआई शांत नहीं रहेगी हमारी मांग है की इनको नोटिस भेजा जाए और छात्रों से दुर्व्यवहार करना बंद किया जाए, महाविद्यालय में छात्रों को बुलाया जाता है सेमिनार टेस्ट के लिए मैसेज करके बुलाया जाता है परंतु कॉलेज आने पर पता चलता है कि जो पेपर सेमिनार होना था वो कैंसिल कर दिया है इस पर छात्रों की क्या गलती हैं जो बेचारा 70 किलोमीटर से आया है और वापस जाना होता है कार्यवाही की जाए ऐसे शिक्षको को नोटिस भी दी जाए। इसी प्रकार बीकॉम डिपार्टमेंट में कुछ शिक्षकों द्वारा छात्र छात्राओं को कहा गया है कि आप क्लास अना बंद करो घर मे रहो ये गलत है क्योंकि अभी तक पेपर की कोई डेट घोषित नहीं की गई ऐसे लोगों के ऊपर कार्यवाही की मांग है धरना प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय प्रदेश महासचिव निकिता शर्मा उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा,संगठन मंत्री शशिमोल तिवारी शिवम मिश्रा,अमन द्विवेदी आईटी सेल अध्यक्ष अनुराग सिंह इकाई अध्यक्ष नितकर्ष मिश्रा, लॉ कॉलेज अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी, सानूराग सिंह महासचिव राविन्सन साकेत ,आकाश मिश्रा शक्ति पाठक,विक्रांत यादव,अमन साकेत,सोजल बघेल,हिमांशु मिश्रा,अवनीश सिंह,आदि सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।।

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से विभिन्न जिलों के आवेदकों की सुनी समस्याएं, कलेक्टर जल गंगा संवर्धन अभियान में नवाचार करें - मुख्यमंत्री



**हरिभूमि न्यूज रीवा।।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के माध्यम से आवेदकों की समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री ने नीमच, शहडोल, मुरैना, पांढुर्ना, सतना, रायसेन, उमरिया, नर्मदापुरम तथा धार सहित विभिन्न जिलों के आवेदकों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी आमजनता द्वारा वांछित सेवायें तय समय सीमा में उपलब्ध कराएं। जल गंगा संवर्धन अभियान से पूरे प्रदेश में जल संरक्षण के अच्छे कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों और आमजनता की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करें। सभी कलेक्टर जल गंगा संवर्धन अभियान में नवाचार करके एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। खेत तालाब, अमृत सरोवर निर्माण तथा हैण्डपंप एवं कुंओं में रिचार्ज पिट बनाने के साथ-साथ प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और सुधार का कार्य भी अभियान में करें। नदियों के उद्गम स्थलों की भी साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कराएं। नर्मदा के परिक्रमापथ में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न सुविधाओं की व्यवस्था करें। नरवाई जलाने की घटनायें लगातार हो रही हैं। इसे रोकने के लिए कठोर उपाय करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में कृषि और उस पर आधारित उद्योगों से संबंधित मेलों का आयोजन कराएं। पूरे प्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर उद्योगों की स्थापना के लिए जमीन बैंक बनाकर आवश्यक भूमि आवंटित कराएं। निवेश प्रोत्साहन केन्द्र के माध्यम से नोडल अधिकारी निवेशकों की कठिनाईयों को दूर करें। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए प्रभावी उपाय करें। इसके लिए सड़कों में सुधार, दुर्घटना के बाद गोल्डन ऑवर में उपचार सहायता तथा ब्लैक स्पॉट की नियमित समीक्षा करें। सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक आयोजित कर उसमें प्राप्त सुझावों को लागू करें। प्रधानमंत्री एयर एंबुलेंस सेवा का सभी जिले आवश्यक होने पर उपयोग करें। अब तक रीवा जिले से 19 और जबलपुर जिले से 11 रोगियों को ही इस सेवा से लाभान्वित किया गया है। हेलीकाप्टर के माध्यम से भी गंभीर रोगियों को ले जाने की सुविधा योजना में उपलब्ध है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड के बिन्दुओं, सुशासन के उपाय तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के संबंध में भी निर्देश दिए। कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, अपर कमिश्नर नीतू माथुर तथा सभी संभागीय अधिकारी एवं कलेक्टर कार्यालय एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## नीट यूजी के परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंचकर कराएं पंजीयन - कलेक्टर

### रीवा में 13 परीक्षा केन्द्रों में होगी 4 मई को नीट यूजी की परीक्षा



**हरिभूमि न्यूज रीवा।** रीवा में 13 परीक्षा केन्द्रों में 4 मई को नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने इस संबंध में कहा है कि परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के लिए सुबह 11 बजे से 1.30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। सभी परीक्षार्थी एनटीए वेबसाइट से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करके उसका प्रिंट साथ रखें। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के लिए दो पासपोर्ट आकार तथा एक पोस्टकार्ड साइज की फोटो एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र की मूल प्रति साथ रखना आवश्यक होगा। सभी परीक्षार्थी रिपोर्टिंग टाइम पर परीक्षा केन्द्र पहुंचकर अपना पंजीयन करा लें। परीक्षा शांतिपूर्वक आयोजित करने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों में सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहेगा। परीक्षार्थियों की अधिक संख्या तथा बड़ी संख्या में वाहनों के शहर में प्रवेश को ध्यान में रखकर 4 मई को शहर के कई प्रमुख मार्गों में ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। परीक्षा शुरू होने से कम से कम एक घंटे पहले सभी परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में पहुंच जाएं जिससे समय पर पंजीयन किया जा सके। निर्धारित समय के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा है कि नीट यूजी परीक्षा के संबंध में कहा है कि सोशल मीडिया पर कई तथ्यहीन सूचनाएं मिल सकती हैं। ऐसे भ्रामक मैसेज से परीक्षार्थी सावधान रहें। किसी भी तरह का संदिग्ध मैसेज मिलने पर पुलिस कंट्रोल रूम को उसकी सूचना दें। परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों और अपराधों के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 के प्रावधानों के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने सभी परीक्षा केन्द्र प्रभारियों को नीट यूजी की परीक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

## ट्रक और हाइवा बीच हुई भिड़त, फंसे चालक को जेसीबी की मदद से निकाला, सोहागी घाटी में भीषण हादसा



**हरिभूमि न्यूज रीवा।** रीवा से प्रयागरात मार्ग में सोहागी घाटी पहाड़ पर गुरुवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज की ओर जा रहा हाइवा वाहन अचानक ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर सामने चल रहे ट्रक से टकरा गया। यह टक्कर इतनी तेज थी कि हाइवा का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक अंदर फंस गया। हादसा शाम करीब 7 बजे हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से चालक को बाहर निकालने की कोशिश की गई। जब सफलता नहीं मिली तो जेसीबी मशीन मंगवाकर क्षतिग्रस्त केविन को खींचा गया। करीब एक घंटे कीमशक्कत के बाद घायल चालक को बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक घायल चालक सुनील कोल रीवा जिले के क्योंटी क्षेत्र का रहने वाला है।

## जन अभियान परिषद ने शंकराचार्य जयंती पर आयोजित की संगोष्ठी, आदिगुरू शंकराचार्य महान दार्शनिक और अद्वैतवाद के प्रवर्तक थे - स्वामी जयप्रकाश



**हरिभूमि न्यूज रीवा।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी में जन अभियान परिषद द्वारा आदिगुरू शंकराचार्य की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता स्वामी जयप्रकाश ने संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए कहा कि आदिगुरू शंकराचार्य महान दार्शनिक और अद्वैतवाद के प्रवर्तक थे। उन्होंने 32 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में सनातन हिन्दू धर्म का पुनरूद्धार किया। शंकराचार्य जी का जन्म आठवीं शताब्दी में केरल में कालड़ी गांव में नम्बूदरी ब्राहमण परिवार में हुआ था। उन्होंने कम उम्र में ही सन्यास धारण कर वेदों का गहन अध्ययन कर लिया। उन्हें भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है। शंकराचार्य ने अद्वैत वेदांत के सिद्धांत को स्थापित कर सनातन धर्म को नई दिशा दी। समाज की कई धार्मिक विडंबनाओं और भ्रांतियों को दूर करके उन्होंने नवचेतना का संचार किया। अपने छोटे से जीवनकाल में शंकराचार्य ने हिन्दू धर्म को संगठित और सुदृढ़ किया। संगोष्ठी में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने कहा कि जन अभियान परिषद प्रदेश के सभी विकासखण्डों में मई माह में आदिगुरू शंकराचार्य जी की जयंती पखवाड़ा मना रही है। इसके तहत आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन और आध्यात्मिक चेतना से आमजनों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। रीवा और मऊगंज जिलों के सभी विकासखण्डों में शंकराचार्य जी से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संगोष्ठी में ग्राम पंचायत अकौरी के सरपंच अच्छेलाल कोल, उद्यान विस्तार अधिकारी राजपति वर्मा, परदेशीलाल अकेला, समाजसेवी विक्रांत द्विवेदी, विकासखण्ड समन्वयक अनीता मिश्रा, नवांकुर संस्थाओं के प्रमुख, प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी, विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा आमजन उपस्ति रहे।

## जिले भर में मनाया गया लाड़ली लक्ष्मी उत्सव लाड़ली लक्ष्मी पथ पर की गई वॉल पेंटिंग



**हरिभूमि न्यूज रीवा।।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव जिले भर में मनाया गया। जिले की सभी परियोजनाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के तहत रीवा शहर में लाड़ली लक्ष्मी पथ पर बालिकाओं ने दीवार पर स्लोगन लिखे और वॉल पेंटिंग भी की। उत्सव कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता का आयोजन किया गया। इस दौरान नवजात बालिकाओं की माताओं का सम्मान किया गया। साथ ही नृत्य, मेहंदी और गायन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के तहत पौधारोपण भी लाड़ली बालिकाओं द्वारा किया गया। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम में लाड़ली बालिकाओं को प्रमाण पत्र एवं छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। लाड़ली क्लब की बालिकाओं द्वारा बेटियों के संबंध में अपने विचार और अनुभव भी व्यक्त किए गए। आंगनवाड़ी केन्द्र डेल्ही क्रमांक 5, बगढा दुबे क्रमांक 2 सहित अन्य केन्द्रों में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## जिला बदर की अवधि समाप्त होने के एक दिन पहले कर दी मारपीट, पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज रीवा

जिले के मनगवां थाना पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने जिला बदर की अवधि समाप्त होने के एक दिन पहले मारपीट जैसी घटना घटित कर दी। इस घटना के बाद फरार आरोपी राहुल मिश्रा 28 वर्ष निवासी अमिरिती मनगवां वार्ड क्रमांक-10 पर पुलिस ने राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। टीआई वर्षा सोनकर ने बताया कि जिला बदर के आरोपी राहुल मिश्रा के घर पर होने की सूचना पर टीम बनाकर भेजी गई। जहां से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के जिला बदर की अवधि 19 मार्च 2025 तक थी, लेकिन 18 मार्च को उसने सुनील कुमार साकेत के साथ मनगवां में ढाबा के समीप अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर मारपीट किया। जिस पर अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश म की जा रही थी। इस आरोप ने जिला म बदर के आदेश का उल्लंघन कर अवधि समाप्त होने से पहले यहां आकर मारपीट की घटना भी कर दी। यह कृत्य अपराध धारा 14 मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत दंडनीय पाए जाने पर आरोपी घ राहुल के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। टीआई के मुताबिक आरोपी के मनगवां थाना में कुल 10 अपराध पंजीबद्ध हैं।

## ग्राम पंचायत खटखरी में हो रहे निर्माण में अनियमितता को लेकर कलेक्टर से शिकायत



हरिभूमि न्यूज, मऊगंज।

जिले की कई ग्राम पंचायतों में हो रहे निर्माण कार्य में भारी घटिया सामग्री का प्रयोग प्राकलन के विपरीत ग्राम पंचायतो द्वारा कार्य किया जा रहा हैं इसी कड़ी मे जनपद पंचायत हनुमना की ग्राम पंचायत खटखरी मे तालाब पर पानी रोकने के लिए हो रहे पुल निर्माण में अनियमितता पाई गई है ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध किया गया किंतु सरपंच द्वारा कुछ कर लेने की धमकी के साथ कार्य किया जा रहा है लगभग आठ लाख की लागत से इस निर्माण कार्य में बड़े-बड़े पत्थर बोल्डर घटिया सीमेंट और रेत का प्रयोग किया जा रहा है आगामी बरसात में यह पुल गिर जाने की संभावना हो सकती है कई ग्रामीणों के साथ अनिल कुमार त्रिपाठी ने कलेक्टर से प्राक्कलन के साथ निर्माण कार्य पूरा किया जाए एवं जांच कर ग्राम पंचायत से संबंधित सरपंच सचिव रोजगार सहायक के ऊपर कारवाई की जाए जिससे ग्राम पंचायत में हो रहे घटिया निर्माण में सुधार हो सके इसी तरह चबूतरा निर्माण और अन्य कार्य ग्राम पंचायत में किया जा रहा हैं जिसमें घटिया सामग्री प्रयोग की जा रही है

### रोजगार सहायक नियुक्ति का मामला

## न्यायालय के आदेश पर जनपद ने नहीं दिया दस्तावेज, शिकायत पहुंची कलेक्टर तक



**हरिभूमि न्यूज, मऊगंज।** जिले के जनपद पंचायत हनुमना की ग्राम पंचायत पतुलखी छत्रपाल सिंह में वर्ष 2014 मे रोजगार सहायक पद की नियुक्ति के संबंध में आवेदन पत्र दिया गया था किन्तु नियुक्ति में अनियमितता होने के कारण आवेदक रूद्रमणि मिश्रा ने न्याय के उद्देश्य से कमिश्नर न्यायालय में वर्ष 2014 में ही आवेदन किया था कमिश्नर न्यायालय द्वारा कई बार जनपद पंचायत हनुमना से रोजगार सहायक पद पर हुई नियुक्ति संबंधित मूल दस्तावेज न्यायालय में उपस्थित कराने निर्देशित किया गया किंतु 11 वर्ष बीत जाने के बाद भी न्यायालय को मूल दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया कमिश्नर न्यायालय द्वारा जिला कलेक्टर मऊगंज को निर्देशित किया गया की मूल दस्तावेज न्यायालय समक्ष उपस्थित किया जाए जिसके संबंध में पीड़ित रूद्रमणि मिश्र ने न्याय पाने के लिए कलेक्टर मऊगंज को आवेदन देकर मांग की है कि न्यायालय द्वारा मांगे गए नियुक्ति संबंधी मूल दस्तावेज न्यायालय को उपलब्ध कराया जाए ताकि समय पर न्याय मिल सके